संख्या– / /XVIII(II)/2021–03(17)/2020

प्रेषक,

सुशील कुमार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
देहरादून।

राजस्व अनुभाग–2 **देहरादूनः दिनांक 24 फरवरी, 2021**

विषयः–सुवाखोली क्षेत्र में एक नये 33/11 के0वी0 बिजली घर बनाने हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–1068/12ए–133(2017–20) डी0एल0आर0सी0, दिनांक 20.01.2020 तथा पत्र संख्या–111/12ए–15 डी0एल0आर0सी0–2020–21, दिनांक 05 फरवरी, 2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से ग्राम नाली कलां, परगना–परवादून, तहसील–सदर, जनपद–देहरादून के खाता संख्या–00062, खसरा संख्या–146क मध्ये 0.115 है0, श्रेणी–5(3)ड0–अन्य कृषि योग्य बंजर भूमि सुवाखोली क्षेत्र में एक नये 33/11 के0वी0 बिजली घर बनाने हेतु उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड, उत्तराखण्ड के पक्ष में आवंटित/हस्तान्तरित करने का अनुरोध किया गया है।

2– उक्त सम्बन्ध में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त लिये गये निर्णय के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्राम नाली कलां, परगना–परवादून, तहसील–सदर, जनपद–देहरादून के खाता संख्या–00062, खसरा संख्या–146क मध्ये 0.115 है0, श्रेणी–5 (3)ड0–अन्य कृषि योग्य बंजर भूमि जिसका नजराना रू0 7,47,500/–(रूपये सात लाख सैतालीस हजार पॉच सौ मात्र) तथा मालगुजारी रू0 127.50/– (रूपये एक सौ सत्ताईस पचास पैसे मात्र) आंकलित किया गया है, को शासनादेश सं0–258/16(1)/73–राजस्व–1, दिनांक 09.05.1984 एवं यथासंशोधित शासनादेश संख्या–1695/97–1–1(60)/93–280–रा0–1, दिनांक–12.09.1997 तथा शासनादेश संख्या–496/XVIII(II)/2020– 03(31)/2020, दिनांक 28 जुलाई, 2020 में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत श्री राज्यपाल महोदय सुवाखोली क्षेत्र में एक नये 33/11 के0वी0 बिजली घर बनाने हेतु उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून के पक्ष में निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबंधों के अधीन सःशुल्क आवंटित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

1– प्रश्नगत भूमि पर वन संरक्षण अधिनियम लागू होने की दशा में भूमि के उपयोग का परिवर्तन गैर वानिकी कार्य हेतु तभी अनुमन्य होगा जब उक्त अधिनियम के अन्तर्गत

.....2

नियत प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त कर ली जायेगी। जिलाधिकारी पहले इसे सुनिश्चित करेंगे। तद्नुसार वन विभाग से प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर ही पट्टा निष्पादन की कार्यवाही करेंगे।

2– प्रश्नगत नॉन जेड0ए0 भूमि आवंटन के पूर्व जमींदारी विनाश एवं भू–सुधार अधिनियम की धारा–132 के समकक्ष एवं अन्य सुसंगत प्राविधानों का अनुपालन जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

3– चूंकि जिलाधिकारी द्वारा संबंधित शासनादेश दि0–9.5.1984 के अधीन निर्धारित प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है। अतः इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित प्राविधानों का अनुपालन अपने स्तर से सुनिश्चित किया जायेगा।

4– इस सम्बन्ध में सिविल अपील संख्या–1132/2011 (एस0एल0पी0)/(सी) संख्या–3109 /2011 श्री जगपाल सिंह एवं अन्य बनाम पंजाब राज्य एवं अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं अन्य संगत निर्देशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इस परिप्रेक्ष्य में संशोधन शासनादेश संख्या–1332/2014–18(59)/2013 दिनांक 07 जुलाई, 2014 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

5– प्रश्नगत भूमि का उपयोग उसी कार्य विशेष के लिए किया जायेगा जिसके लिए यह स्वीकृत की गयी है।

6– प्रश्नगत भूमि किसी व्यक्ति व संस्थान या संगठन को बेचने/पट्टे पर देने अथवा किसी अन्य प्रकार से हस्तांतरित करने का अधिकार पट्टेदार को नहीं होगा। भूमि का उपयोग आवंटन के दिनांक से 03 वर्ष की अवधि में पूर्ण कर लेना अनिवार्य होगा अन्यथा आवंटन स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

7– प्रश्नगत भूमि की आवश्यकता पट्टेदार को नहीं रह जायेगी तो भूमि निर्माण सहित राजस्व विभाग को वापस हो जायेगी, जिसके लिए कोई प्रतिकर देय नहीं होगा।

8– यदि भूमि/भवन का परित्याग कर दिया गया हो अथवा संस्था का विघटन हो जाता है तो भूमि/भवन सील सहित राज्य सरकार में सभी भारों से मुक्त निहित हो जायेगी।

9– भू–उपयोगिता व पट्टे में इंगित शर्तों के कम में शासन/जिलाधिकारी/अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा कभी भी निरीक्षण किया जा सकता है।

10– संस्था द्वारा शासनादेशानुसार नजराने एवं मालगुजारी की जमा करायी गई धनराशि की प्राप्ति रसीद/चालान की प्रति तत्काल शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

11– आवंटन की अवधि समाप्त होने अथवा उपरोक्त शर्तो बिन्दु संख्या–01 से 10 में से किसी भी शर्त का उल्लंघन होने की स्थिति में प्रश्नगत भूमि निर्माण सहित राजस्व विभाग में निहित हो जायेगी, जिसके लिए कोई प्रतिकर देय नही होगा।

.....3

3— कृपया इस संबंध में नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए शासनादेश के परिप्रेक्ष्य में जिला स्तर से निर्गत किये जाने वाले आदेश एवं इस शासनादेश की शर्तों की अनुपालन स्थिति से भी अनिवार्य रूप से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुशील कुमार)
सचिव।

संख्या—193 /XVIII(II)/2021 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— सचिव, ऊर्जा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2— आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
3— आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4— प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून।
5— निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय, देहरादून।
6— गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डॉ0 मेहरबान सिंह बिष्ट)
अपर सचिव।